पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / योजना–02 / 2012 (खण्ड–II) सो० 2046

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

**सतीश रंजन सिन्हा,**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

**प्रबंध निदेशक,**
बेल्ट्रॉन,
पटना।

पटना, दिनांक– 18/11/2019

विषयः– **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अन्तर्गत संविदा पर नियोजित आई०टी० सहायक के समकक्ष योग्यता वाले बेल्ट्रॉन के माध्यम से नियोजित किये जाने वाले कर्मी के मानदेय संरचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी की दिनांक–20.09.2019 को आयोजित शासी परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अन्तर्गत संविदा पर नियोजित आई०टी० सहायक के समकक्ष योग्यता वाले बेल्ट्रॉन के माध्यम से नियोजित किये जाने वाले कर्मी के मानदेय संरचना की आवश्यकता है।

आई०टी० सहायक के न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता से संबंधित नियोजन विज्ञापन की प्रति संलग्न है।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अन्तर्गत संविदा पर नियोजित आई०टी० सहायक के समकक्ष योग्यता वाले बेल्ट्रॉन के माध्यम से नियोजित किये जाने वाले कर्मी के मानदेय संरचना उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

18.11.19

**(सतीश रंजन सिन्हा)**
विशेष कार्य पदाधिकारी

594D:\PREM Office\AO.docx

# बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

## प्रखण्ड सूचना एवं प्रौद्योगिकी सहायक (Block IT Assistant) के पद पर संविदा पर नियोजन हेतु पैनल तैयार करने संबंधी सूचना

राज्य के सभी जिलों के लिए सूचना–प्रौद्योगिकी एवं कम्प्यूटर संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के द्वारा संविदा पर प्रखण्ड सूचना एवं प्रौद्योगिकी सहायक के पद पर नियोजन हेतु पैनल तैयार करने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन जिलावार आमंत्रित किये जाते हैं। इस संबंध में संक्षिप्त विवरणी निम्न है:–

1. कार्यक्षेत्र :– (i) सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे कार्यों के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण में सहायता करना।
   (ii) जन शिकायत प्रणाली के कार्यान्वयन एवं पर्यवेक्षण में सहायता करना।
   (iii) लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन में सहायता करना।
2. अर्हता :– (i) आवेदक की आयु दिनांक 10.01.2012 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए।
   (ii) न्यूनतम योग्यता–
   आवेदक की शैक्षणिक योग्यता सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से आई. टी. अथवा कम्प्यूटर के क्षेत्र में न्यूनतम स्नातक की उपाधि होनी चाहिए।
3. मानदेय :– इन्हें समेकित रूप से कुल मानदेय ₹ 8000/– प्रतिमाह का भुगतान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राशि देय नहीं होगी।
4. चयन का आधार :– (i) जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोजन हेतु कोटिवार पैनल तैयार किया जायेगा, जिससे वरीयता क्रम में रिक्तियों के विरूद्ध आदर्श आरक्षण रोस्टर के अनुसार नियोजन किया जायेगा।
   (ii) रिक्त पदों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से निर्गत उपाधि को निम्नानुसार प्राथमिकता दी जायेगी:–
   (क) I.T. अथवा कम्प्यूटर शाखा में अभियंत्रण स्नातक की उपाधि।
   (ख) M.C.A./M.Sc. (I.T./Computer)
   (ग) B.C.A./B.Sc. (I.T./Computer)
   (घ) समान स्थिति होने पर उच्चतर प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया:–
   आवेदन मिशन के वेबसाईट ***www.bpsm.bih.nic.in*** पर उपलब्ध है, जिसे ***Online*** भरा जाना है। आवेदक को आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना अद्यतन फोटो अपलोड करना होगा। आवेदन पत्र में वर्णित सभी कागजातों/दस्तावेजों की मूल प्रति (एक अतिरिक्त अभिप्रमाणित प्रति के साथ) काउन्सेलिंग के समय बुलाए जाने पर प्रस्तुत करना होगा।
6. **आवेदन *Online* भरने की अंतिम तिथि 19.01.12 के अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है।**
7. एक अभ्यर्थी अधिकतम एक हीं जिले के लिए आवेदन दे सकते हैं। एक से ज्यादा जिले में आवेदन देने पर उनके नियोजन पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. पैनल निर्माण करने हेतु काउन्सेलिंग की प्रक्रिया सभी जिलों में यथा संभव एक हीं दिन आयोजित की जाएगी।
9. मिशन सोसाइटी को अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताये चयन प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द कर दे।

**मिशन निदेशक**
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)